तिर्थ शब्द का मतलब 'तृ' धातुसे 'थ' प्रत्यय जोनडने पर तीर्थ शब्द की उत्पत्ति हुई है । तिर्थ का मतलब जिसके द्वारा तरा जाय । इस प्रकारसे 'तिर्थ' शब्द के अनेक अर्थ होते है – जैसे देव, शास्त्र, गुरु, उपाय, पुण्यकर्म और पवित्र स्थान इ. । अग्नि-तत्व सर्वव्यापक है, परंतु वह दियासलाईमें शीघ्र प्रकाट होता है । पत्थरकी अपेक्षा वह लकडीमें जल्दी फैलता है और कपूरसे तो अविलम्ब प्रकट होता है । इसी प्रकार भगवत् तत्व भी सर्वव्यापक है, परंतु तीर्थो में वह सगुमताके साथ प्रत्यक्ष हो सकता है । अन्य प्राणियों की अपेक्षा मनुष्य को वह शीघ्र प्राप्त होता है और ज्ञानी भक्त तथा संतोके हृदयमें तो तुरंत दृष्टीगोचर हो जाता है । यों तो पंचभूतात्मक इस प्रपंचका एक परमाणु भी ऐसा नही, जिसे सत्-तत्वका संग कमी न प्राप्त हुआ हो, परंतु तीर्थ स्थान हम उन्ही भूमिकाओ को समझते है, जहाँ परब्रम्ह परमात्मा अपने शाश्वत भगवत्स्वरुपका सगुण साकार विग्रह धारणकर विशेषत: प्रकट होते है और शुद्ध हृदयो में सत्संग की सत्प्रेरणा किया करते है ।

मनुष्य जीनव का उद्देश्य है – भगवत्प्राप्ति या भगवत्प्रेम की प्राप्ति । जगत्में भगवानको छोडकर सब कुछ नश्वर है, दु:खदायी है । इनसे मन हटकर श्रीभगवान् में लग जाय – मनुष्यको बस यी करना है । यह होता है भगवत्प्रेमी महात्माओंके संगसे और ऐसे महात्मा रहा करते है पवित्र तीर्थोमें । इसीलिये शास्त्रोने तीर्थ यात्राको इतना महत्व दिया है और तीर्थोमें जाकर सत्संग करने तथा संतजनोके द्वारा सेवित पवित्र स्थानोंके दर्शन पवित्र जलाशयों में स्नान और पवित्र वातावरणमें विचरण करने की आज्ञा दी है । तीर्थ यात्रीकी विधि यह है कि सबसे पहले तीर्थ में श्रद्धा करे । तिर्थोके माहात्म्यमें विश्वास करे, उसको अर्थवाद न समझकर सर्वथा सत्य समझे, घरमें ही पहले मन-इन्द्रियोंके संयमका अभ्यास करे और उपवास करे । श्रीगणेशजीकी, देवता, ब्राम्हण और साधुओंकी पूजा करे, पितृ-श्राद्ध करे और पारण करे । इसके बाद भगवान के नामका उच्चारण करते हुए यागा आरम्भ करे । कुछ दूर जाकर तीर्थादिमें स्नान करके क्षौर कर्म कराये । तदनन्तर लोभ, द्वेष और दम्भादिका त्याग करके मनसे भगवानका चिन्तन और मुँहसे भवानका नाम-किर्तन करते

हुए तीर्थके नियमों को धारण करके यात्रा करे ।

तीर्थ तीन प्रकारके माने गये है - १) जंगम् , २) मानस, ३) स्थावर.

स्वधर्मपर आरुढ आदर्श ब्राम्हण और संत-महात्मा 'जंगम् तीर्थ' है । इनकी सेवासे सारी कामनाएँ सफल होती है और भगवतत्वका साक्षात्कार होता है ।

मानस तीर्थ - सत्य, क्षमा, इन्द्रियनिग्रह प्राणिमात्रपर दया, ऋजुता, दान मनोनिग्रह, संताष, ब्रम्हचर्य, प्रियभाषण, विवेक, धृति, और तपस्या इन सारे तीर्थोसे भी मनकी परम विशुद्धि ही समसे श्रेष्ठ तीर्थ है । इन तिर्थो में भलीभाँति स्नान करनेसे परम गतिकी प्राप्ति होती है -- येषु सम्यक् नर:स्नात्वा प्रयाति परमां गतिम् । तीर्थयात्राका उद्देश्य ही है -- अन्त:करणकी शुद्धि और उसके फलस्वरुप मानव-जीवनका चरम और परम ध्येय, भगवत्प्राप्ति

'स्थावर तीर्थ' - पृथ्वीके असंख्य पवित्र स्थल और सागर, नद-नदियाँ, सरोवर, कूप, जलशय आदि । इनमें तीर्थराज प्रयाग, पुष्कर, नैमिषारक, कुरुक्षेत्र, द्वारका, उज्जैन, आयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, बदरिकाश्रम, श्रीशैल, सेतुबन्ध, गंगा-सागर संगम, यमुना सरस्वती गोदावरी, गोमती, नर्मदा, सरयू, कावेरी, मन्दाकिनी, कृष्णा आदि नदियाँ है ।

तीर्थ, मंत्र, ब्राम्हण, देवता, औषधि, गुरु तथा ज्योतिषीमें जिनकी जैसी जितनी श्रद्धा होती है, तदनुसार ही फल मिलता है । श्रद्धारहित, पापी, नास्तिक, संशयात्मा तथा कुतर्की ये पाँच प्रकारके लोग तीर्थके फलसे वंचित रहते है ।

तीर्थयात्रामें सभी श्रद्धालुओंका अधिकार है, चाहे वे किसी भी वर्ण या आश्रमम के क्यों न हो ? तीर्थयात्रामें स्त्रियोंका भी अधिकार है । गुरु-शुक्र के बाल, वृद्ध अथवा अस्त होनेपर , माल मासमें सूर्यके दक्षिणायनसें, गुरुके अतिचार में पत्नीके गर्भवती होनेपर तीर्थयात्रा नही करनी चाहिये । वायु पुराण के अनुसार तीर्थोकी संख्या साढ़ेतीन करोड़ है ।

नवग्रहोंके टोटके एवम् उपाय

१) सूर्य की अनुकूलता के लिए गुड का दान करे। गुड़ गाय को खिलाएं । प्रतिदिन काम के लिए झर से बाहर निकलने पर छोटी सी गुड़ की डली खाकर पानी पीएं और फिर घर के बाहर निकले ।

२) चंद्र को अनुकूल करने के लिए चावलों की खीर बनाकर कन्याओं को खिलाएं । खीर में केसर न डाले । स्वयं दही का भोजन करे ।

३) मंगल को अनुकूल करने के लिए मीठी पूरियां बनाकर पहले गाय को खिलाएं । बाद में भिखारियों को बांट दे ।

४) बुध को अनुकूल करने के लिए हरे मूंग की दाल दान करे ।

५) बृहस्पति की अनुकूलता के लिए सोना, गुड़ एवं चने का दान करे । केले के बौधे को जल से सींचे । उसके जड़ में शुद्ध घी का दीपक प्रज्वलित करे ।

६) शुक्र की अनुकूलता बनाने के लिए गो सेवा करे । भोजन से पहले गो ग्रास निकाले ।

७) शनि की अनुकूलता के लिए तेल में तली हुई पूरी कचौडी गरीबोंको एवम् भिखारियों को खिलाए । इससे धन-धान्य की हानि नहीं होगी ।

८) राहू की अनुकूलता के लिए सरसों का तेल एवम् काले तिल दान करे ।

९) केतु की अनुकूलता के लिये रात के वक्त कुत्ते को मीठी रोटी खिलाएं ।

पंचक

पंचक नक्षत्रो में गृहारम्भ, चारपाई बुनना, तांबा, पीतल, तृण, काष्ठादि का संचय करना, दक्षिण दिशा को यात्रा करना, प्रेत को जलाना, दुकान, मकान और झौंपडी आदि की छत डाल्ना, बैठकी गद्दीयोका निर्माण करणा निषेध माना जाता है । समुचित कार्यो को उपाय सहित करना कल्याणकारी होगा ।

✻ व्यतिपात, वैधृती महापात ✻

सूर्य और चन्द्रमा की जब उत्तर या दक्षिण की क्रांति सम होती है तो वह समय व्यतिपात महापात तथा जब एक की क्रांति उत्तर और दुसरे की दक्षिण, या एक की क्रांति उत्तर और दुसरे की दक्षिण, या एक की दक्षिण और दुसरे की उत्तर में क्रांति साम्य होता है तो उसे वैधृती महापात कहते है । उपरोक्त महापातो में जिसका जन्म हो उसको बहुत अनिष्टकारी माना जाता है ।

दिन का चौघड़िया							रात का चौघड़िया						
रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग
लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल
शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चल	काल	शुभ	चल	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ

स्व. महामहिमोपाध्याय डॉ. कात्यायनीदत्त शाण्डिल्य

सारस्वत ब्राम्हण शिरोमणि महामहिमोपाध्याय डॉ. कात्यायनीदत्त शाण्डिल्यजी का देहांत हाल ही में हुआ ।

स्व. डॉ. कात्यायनीदत्त शाण्डिल्यजी का जन्म शिकारपूर सिंध में १८ फरवरी१९२६ को सारस्वत शाण्डिल्य गोत्रीय ब्राम्हण वंश में हुआ था । आप के घर में ही संस्कृत की अध्ययनशिलता बड़ो से चली आ रही थी, जिसके तहत आप में भी वही लगन एवम् अध्ययनशिलता प्राप्त हुई । समय-समय पर अनेक शैक्षणिक सांस्कृतिक संस्थानो ने आदरपूर्व आपको सम्मानित किया ।

सन १९६७ में. अयोध्यास्थित विद्यासंस्थान द्वारा वें महामहिमोपाध्याय की सम्मानोपाधि से विभूषित किये गये ।

सन १९७८ में श्री डूंगर कॉलेज बीकानेर में आयोजित राजस्थान संस्कृत परिषद की और से एक वरीष्ठ संस्कृत सेवी विद्वान के रुप में वे समादृत किये गये ।

सन १९७९ में विश्व उन्नयन संसद, नई दिल्ली के २७ वे दीक्षान्त समारोह पर वे डॉक्टर ऑफ एज्यूकेशन की सम्मानोपाधिसे अलंकृत किये गये ।


सन १९८० में विश्व हिंदू परिषद (तारानगर) राजस्थान की और से उनका अभिनन्दन किया गया ।


सन १९९६ में राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं रतनगढ़ पण्डित परिषद के तत्वावधान में रतनगढ़ में आयोजित क्षेत्रिय संस्कृत उपनिषद् से उनका सम्मान किया गया । उसी तरह १९९६ में तारानगर में भव्य-दिव्य नागरीक सत्कार किया गया जिसमें भैरोसिंह शेखावत, साहिब सिंह, हरिशंकर भामडा उपमुख्यमंत्री राजस्थान, नरेन्द्र बुडानियां संसद सदस्योंने आप के कार्य को सहराया ।

आप बहुभाषी थे, नारी शीक्षा एवम् उत्थान मे लिये आपका कार्य आनेवाली पिढ़ी के लिये प्रेरणादायी रहेगा । सांख्यीय भाष्यों एवं टीकाओं का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर आपने पी.एच.डी. की थी । आप कर्मकांड, ज्योतिष एवम् भागवत के ज्ञाता थे जिससे हर वक्त प्रेरणा प्राप्त होती रही । आपने तारानगर में नारीयोंके लिये सरस्वती महाविद्यालय की स्थापना करके नया कार्य निर्माण किया है । तिथी पर्व पत्रिका को आपका हर वक्त मार्गदर्शन मिलता रहा ।

तिथी पर्व पत्रिका की ओर से आपको भावपूर्ण श्रद्धांजली ।

प्रोप्रा. जगदिश चावला





नम्रता नॉव्हेल्टी

* इमिटेशन ज्वेलरी,
* बिंदी, * कॉस्मेटीक
होलसेल भावात मिळेल



- संपर्क -

१५४८, कानडे मारुती लेन,
नाशिक सिटी
☎ : २५९४७३३

आत्मा परमात्मा का मिलन = योग

श्री. प्राणसिंह बिसेन (नाशिक)


मनुष्य को मन, बुद्धी और अहंकार ऐसी तीन भावनाये होती है । तीन भावनाओं को एक साथ आने से चित्त की संज्ञा दि गयी है । चित्त से मानव विचार करता है अपने कर्तव्यों को समज सकता है । समयानुसार अविद्या, राग, अस्मिता, द्वेष, अभिनिवेश ये पांच क्लेश जीव को सताते है । इन पांचो से चित्त की पांच अवस्थाये बनती है । १) मुढ, २) क्षिप्त, ३) विक्षप्ति, ४) एकाग्र , ५) निरुद्ध. चित्त अग्नीकी तरह है । वासनाओ से वह प्रज्वलित होता है। वासनांओ के अभाव से वह शांत रहता है । यही स्थीतीसे जीव को ज्ञान की प्राप्ती होती है ।

यम, नियमादी योंके द्वारा चित्त को एकाग्र करके ध्यान-समाधी अवस्था तक ले जाकर योग को प्राप्त करना पडता है । योग यह शब्द संस्कृत 'युज' धातू से बनता है । जिसका मतलब है मन पर संयम बनाना । यह आत्मा और परमात्माका मिलन है । सबसे पहले योग के द्वार आरोग्य एवम् शक्ती की प्राप्ती होती है बादमें शरीर और मन के बीच का पडदा दूर करके साधक को शांती एवम् परमात्मा प्राप्ती तम पोहचाया जाता है ।

ध्यान-धारणा के पूर्व शरीर स्वस्थ रहे इसके लिए सूर्यनमस्कार कराया जाता है । सूर्यनमस्कार यह परिपूर्ण व्यायाम के नामसे जाना जाता है । सूर्य नमस्कार १२ शारीरिक स्थितीयों से मिलकर बना है । बारी-बारी से आगे तथा पिछे मुड़नेवाले इन आसनों के माध्यम से शारीरिक अंगो तथा मेरुदण्ड मे काफी खिचांव उत्पन्न होता है । तथा वे लचीले बनते है ।

सूर्यनमस्कार उच्च रक्तचाप एवम् हार्ट के पेशंट न करे तथा ८ वर्ष से कम आयु के बच्चो के लिए यह अभ्यास आवश्यक नही है । टी.बी. रोगी के लिये भी सूर्यनमस्कार करना योग्य नही है ।

सूर्यनमस्कार से मुहासा, फोडे-फुंसियाँ, कम भूख लगना, दुर्बलता, स्थूलता, सिर दर्द, दमा, फेफडे की अन्य विकृतियाँ, पाचन संस्थान की व्याधियाँ, निम्न रक्तचाप, मधुमेह, त्वचा की बिमारियाँ, सर्दी-जुकाम, मासिक धर्म, मानसिक व्याधियों प्रभाव होता है । सूर्यनमस्कार योग का ही महत्वपूर्ण अंग है इसलिये निम्न चक्रोंपर ध्यान देने से वह उद्दीपत होते है । १) मुलाधार, २) स्वाधिष्ठाण, ३) मणिपुर, ४) अनाहत, ५) विशुद्धि, ६) आज्ञा.



JAI SAI PLYWOODS

One stop solution for your furniture
Dealer's of branded qulity plywood, Laminet,
Hardware material, Timbers &,
also manufacturer of Kitchen Trolleyes

We provide one stop solution for


- Carpentory works (Repair of New work)
- Painting & Polishing of your furniture
- Any type of Glass work
- Any type of Plumbing work

Call us to know more about us ! M : 9422769022

☎ : 3256868 3202323

Visit :- JAI SAI PLYWOODS
Shop No. 9 & 10, Rahul Apartment, Mahatma Nagar Corner, Trimbak Road, Nashik - 422 007.

Proprietor : JAGDISH HEMNANI



प्रो.प्रा. वासुदेव नंदवानी

☎ : (नि.) २५०७८२३ (दु.) २५०१९००

पार्वती नॉव्हेल्टीज

गॉगल, बेल्ट, परफ्यूम, मनीपर्स, कॉसमेटीक्स व सौंदर्य प्रसाधने याचे होलसेल विक्रेत.

शॉप नं. ५, सिध्दी विनायक कॉम्प्लेक्स, १५६३, सुरेखा टेलर्स मेटेरिअल, कानडे मारुती लेन, नाशिक - १.

योगासन शुरु करने से पहले शरीरको शिथिल करणे के लिये हलकासा व्यायाम करे ।

१) जगह पर ही दौडना - शरीर को ढीला करके जगह पर ही दौडे धीरे-धीरे स्पीड को बढाकर, स्पीड बरकरार रखे । दौड ते वक्त श्वास को डीप ले जाये और लयबद्ध ही रहे । कुछ समय के बाद रुके, श्वान-श्वसन करे । श्वान-श्वसन में जीहा को बाहर निकालकर जोर-जोर से श्वास लिया और छोडा जाता है । इस के बाद आराम करे । फिर से दौडे, और बादमे शवासन करे ।

२) आगे और पीछे झुकना - १) श्वास लेते हुअे हात उपर ले जाये और पीछे कमरमें झुके । २) फिर उपर आये, श्वास छोडते हुअे कमरसे आगे झुके । हात के तलवो को जमिन पर लगाने की कोशीश करे । श्वास लेले उपर आये फिर पीछे झुके फिर उपर आये श्वास छोडते हुए; आगे झुके, यह व्यायाम कमसे कम १० बार करे ।

शिथिल करन के व्यायाम होने के बाद सूर्य नमस्कार किया जाता है । सूर्यनमस्कार में आसन और प्राणायाम इन दोनो का अंतर्भाव है । सूर्य-नमस्कार से सारा शरीर प्रभावित होता है । अमाशय, फुफ्फुस, जिगर, गुर्दे, पित्ताशय, छोटी- बडी आंतो को बल मिलता है । रीढ की हड्डी शक्तिशाली बनसी है । कमरसें लचक पैदा होती है । सूर्य नमस्कार नियमीत करने से कब्ज नही होता । मोटापा घटता है । लो ब्लड प्रैशर और अनिद्रा या स्नायु रोग में सूर्य नमस्कार फायदेमंद है ।

सूर्य नमस्कार

दोनों पैरों की एडियां मिली हुई, पंजे खुले हुए हो, पैरों से सिर तक का भाग सरलता से सीधा करके खडे हों ।

१) दोनों हाथ प्रणाम की मुद्रा में जोडकर छाती के गडढे पर रखे, कोहनियां बाहर की ओर समानांतर हों । श्वास भरते हुए, दोनों भुजाएं ऊपर ले जाए, बाजू सीधे और कान के साथ मिले रहें, बाजुओं को गर्दन सहित धीरे - धीरे पीछे झुकाएं, हाथ वु भुजाएं टेढी न हों ।

२) श्वास छोडते हुए गर्दन और भुजाओं को एक साथ सामने की और से निचे लाए, हाथ की हथेलियां पांव के बराबर, जमीन पर लगे, माथे को घुटने के साध लगाए, झुटने बिल्कुल सीधे रहे ।

३) दाया पैर पीछे ले दाया घुटना जमीनपर लगाये बाया घुटना आगे लेकर उपर ले रीड की हड्डी को वक्र करके उपर देखे श्वास ले ।

४) बाया पैर पीछे ले जाये । सारे शरीर को समान रखे । पैर एक साथ रखे । शरीरका जमीनसे ३० अंशका कोन रखे । पैर की उँगलीया और तलवोपर शरीर रखे श्वास को छोडे ।

५) घुटनो को मोडीये, घूटने जमीनपर लगाये, पैर और तलवो को जगहपर से न हीलाते पीछे ले जाकर एडीयों पर बैठे, कपाल को जमीनपर लगाए । पीछे जाते वक्त श्वास

लीजीये और कपाल लगाते वक्त श्वास छोडीये ।

६) पैर और तलवे न हिलाते श्वास लेते हुए उपर आयीये और पीछे जाकर नमस्कार कीजीये कुल्हो को उपर उठाये, याने पेट धरतीपर नही लगेगा । श्वास छोड दिजीये अब श्वास न ले और थोडी देर रुके, इसे कुंभक कहते है ।

७) श्वास लेकर शरीर को आगे करते हुए शरीर के अग्रभाग को ऊपर उठाए । बाजू सीधे गर्दन पीछे, सीना आगे और कमर नीचे,सिर को पीछे रीढ की हड्डी की और ले जाए ।

८) श्वास छोडिये, कुल्हा उपर ले, सर नीचे दबाये, ऐडिया और सर जमीन को लगाये ।

९) श्वास लेते नीचे आये, ५ नंबर की तरह आराम करे, कपाल को जमीन पर लगाये और श्वास छोडे ।

१०) श्वास ले दाया पैर दाये तलवो तक लाये और ३ नंबर की तरह रीड की हड्डी को वक्र करके उपर देखे ।

११) श्वास छोडकर बाया पैर आगे लाये, दाये पैर से लगाये, २ नंबर की तरह माथे को घुटने में लायीये ।

१२) श्वास ले, उठकर खडे रहे और नमस्कार करे ।

सूर्य नमस्कार करते वक्त सूर्य के एक एक नाम लेते जाये ।

१) ॐ मित्राय नमः ।	२) ॐ रवये नमः ।	३) ॐ सूर्याय नमः ।
४) ॐ भानवे नमः ।	५) ॐ खगाय नमः ।	६) ॐ पुष्णे नमः ।
७) ॐ हिरण्यगर्भाय नमः।	८) ॐ मरीचये नमः ।	९) ॐ सवित्रे नमः ।
१०) ॐ आदित्याय नमः ।	११) ॐ अकार्य नमः ।	१२) ॐ भास्कराय नमः ।

सूर्य नमस्कार के बाद कुछ देर शवासन करें ।

सूर्यनमस्कार




राशि भविष्य (एप्रिल २००६ से मार्च २००७ तक)



मेष :-चू, चे, चो,ला, ली, लू, ले, लो, आ

यह वर्ष सामान्य रहेगा । शनि की ढैया के कारण मानसिक चिन्ता बनी रहेगी । आर्थिक कष्ट का सामना करना पडेंगा । कर्ज बढ़ेगा, सोच-समझकर निर्णय ले । भाई बहनो तथा माता-पिता के लिये कष्टकारक समय है । परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगे । न्यायालय संबंधी कार्यो में अनुकूलता रहेगी । संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा । एप्रिल, जुलै, नोव्हेंबर मास कष्टदायक रहेगे । नौकरी में उन्नति का योग है ।




वृषभ :- इ, उ, ए, ओ, व, वि, वृ, वे, वो

यह वर्ष मिश्रफलदायी रहेगा। शारिरीक सुख समान्य रहेगा। विपरीत परिस्थितीयो में भी धैर्य बना रहेगा । नेत्र कष्ट की संभावना रहेगी । भाईयों से लाभ होगा । घर में तनावपूर्ण स्थिती उत्पन्न होगी, सोचसमझकर निर्णय लिजीयेजा । संतना पक्ष मे चिंता रहेगी । विद्याप्राप्तीमे बाधा आनेकी संभावना रहेगी, मेहनत करे । माता-पिता को तीर्थयात्रा का योग है । कार्य-क्षेत्र में विस्तार होगा । विराधी परास्त होगे । मित्रो का सहयोग प्राप्त होगा । नौकरीपेशा वाले अपने वरीष्ठोसे सावधान रहे । मे, ऑगस्ट, नोव्हेंबर माह कष्टमय रहेगे ।



मिथुन :- क, का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह

यह वर्ष स्वास्थके लिये कष्टप्रद रहेगा । सिर दर्द एवम् नेत्र कष्ट संभव है । शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव बना रहेगा । मानसिक कष्ट, स्मरण शक्ती में दुर्बलता, आर्थिक नुकसान के योग है । सोचसमझकर निर्णय ले । संतानपक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगे । माता-पिता के लिये कष्टप्रद समय रहेगा । धार्मिक या सामाजिक कार्यो में योगदान रहेगा । जुन एवम् ऑगस्ट माह कष्टप्रद रहेंगे । सोमवार को गरीब लोगो को अन्न खिलाये ।



कर्क :- ही, हू , हे, हो, डा, डी, डू , डे, डो

कर्कराशि वाले लोगो को यह वर्ष सामान्य रहेगा । जल्दबाजी में कोई निर्णय न ले। बंधु-बांधवो से विरोध, आर्थिक कठिनाई, कोर्ट-कचेरी में अपयश प्राप्त होगा । शनि की साढ़ेसाती चल रही है । परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे । वर्ष के अंत में अचानक धन प्राप्ति, वाहन सुख प्राप्त होगा । व्यापार में लाभ होगा । विदेश जाने का योग बनता है । एप्रिल, जुलै, ऑगस्ट, माह कष्टप्रद है ।



सिंह :- मा, मी, मू , मे, मो, टा, टी, टू, टे

सिंहराशि के लिये शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव बना रहेगा । निरर्थक भाग-दौड होगी । बड़ोंसे विरोध का सामना करना पडेगा । कार्य-व्यवसाय के निमित्त बाहर जाना पडेगा । दाम्पत्य जीवन तनावपूर्ण रहेगा। किसी निकट संबंधी के वियोग का योग है । कुछ असामान्य कार्य संपन्न होगे । कलाकारो का मान-सन्मान बढेगा । एप्रिल, मे, ऑगस्ट, नोव्हेंबर माह मिश्रफलदायी है ।



कन्या :- टो, पा, पी, पू , ष, ण, ठ, पे, पो

इस वर्ष आर्थिक स्थिती अनुकूल रहेगी। आलस से बचे रहे । वाजतन्य विकार होगा । विद्याप्राप्ती के लियेशुभ समय है । व्यापार में उन्नति तथा धन का संचय होगा । संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगे । नौकरी पेशा वालो को पदावनति का भय बना रहेगा । मे, सप्टेंबर माह कष्टप्रद रहेगा । अन्य लोगो से लाभ होगा ।



तुला :- रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते

यह वर्ष आपको शुभदायक होगा । नेत्रकष्ट एवम् मुत्र-विकार संभव है । उन्नति के लिये कष्ट की जरुरत रहेगी, मेहनत मे ही यशप्राप्ति है। विरोधी परास्त होगे । कृषि कर्या में लाभ होगा । बौद्धिक क्षेत्र से लाभ होगा । नौकरी पेशावालो को यह वर्ष शुभ है । अधिकारी वर्गसे सहायता प्राप्त होगी । घर में मांगलिक कार्य संपन्न होगे । संताप पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगे । जुन, जुलै, ऑक्टोबर माह में सोचसमझकर निर्णय ले ।



वृश्चिक :- तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

यह वर्ष चिन्ता का रहेगा । वर्ष के प्रारंभ में चोट-चपेट का योग है । ऑपरेशन का योग है । स्वजनोंसे धोखा संभव है । लॉटरी, सट्टा आदि की ओर प्रवृत्ती निर्माण होगी । सोचसमझकर निर्णय ले । पदोन्नति एवम् कृषि क्षेत्रमें फायदा होगा । भाई-बंधुओं की उन्नति होगी । विरोधी परास्त होगे । संतान पक्ष से कष्ट संभव है । दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा । जुलै, ऑगस्ट, नोव्हेंबर माह कष्टप्रद रहेंगे ।



धनु :- ये, यो, भा, भी, भू , धा, फा, ढा, भे

आर्थिक दृष्टीकोन से यह वर्ष लाभदायक है । मानसिक कष्ट रहेगा । आकस्मित धनलाभ होगा । धनसंचय के अवसर प्राप्त होगे । माता को कष्ट होगा । आत्मीय वियोग होगा । मित्रोंसे लाभ होगा । पाचन शक्ती की कमी रहेगी, दन्त पीडा होगी । पारिवारीक विवाद बना रहेगा । अप्रैल, ऑगस्ट, सप्टेंबर, डिसेंबर माह कष्टप्रद रहेगे । सोच-विचार करके निर्णय ले ।




मकर :- भो, ज, जी, खी, खू , खे, खो, ग, गी

यह वर्ष शुभफलदायी है । दन्तपीडा या कर्णपीडा की संभावना है । वाद-विवाद से दूर रहे । स्थायि-सम्पत्ती का योग है । पार्टनरशिप में व्यवसाय लाभदायक रहेगा । सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त होगी । विद्या प्राप्ती के लिये शुभयोग है । भाई-बंधुओं को कष्ट होगा । धार्मिक एवम् सामाजिक कार्यो में रुची निर्माण होगी । नौकरीपेशावालों को पदोन्नती होगी । मे, सप्टेंबर, ऑक्टोबर माह कष्टप्रद है ।



कुंभ :- गु, गे, गो, सा, सी, सू , से, सो, श

यह वर्ष शारीरिक स्वास्थ्य के लिये उत्तम है । वाहनसुख की प्राप्ती होगी । शत्रुओ का भय बना रहेगा । राजसन्मान की प्राप्ती होगी । संतान पक्ष से चिंता का योग है । परिवार में मांगलीक कार्य संपन्न होगे । स्वजनो से सावधान रहे । धोखा होने की संभावना है । अचानक भाग्योदय होगा । नेत्र पिडा संभव है । यश की प्राप्ती होगी । सोच-समझकर निर्णय ले तो यह वर्ष उन्नतिकारक रहेगा । जुन, सप्टेंबर, ऑक्टोबर माह कष्टप्रद है ।



मीन :- दी, दु, दे, दो, थ, झ, त्र, च, ची

मीन राशिवालो को यह वर्ष मिश्रफलदायी है । विलासी दिनचर्या से सावधान रहे । महिलापक्ष की ओर से फायदा रहेगा । विद्याप्राप्तीमें बाधा आयेगी । इस वर्ष चोट-चपेट का योग है । कोर्ट-कचेरी से अनुकूलता रहेगी । संतान पक्ष से कष्ट रहेगा । पत्ति की मात्रा बढ़ेगी । विरोधीयों का प्रभाव बढ़ेगा । कृषि से लाभ होगा । मार्च, जुलै, नोव्हेंबर तथा डिसेंबर माह कष्टप्रद रहेगा ।

आरती श्री गणपती की




जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा
माता तेरी पार्वती पिता महादेवा ॥
एकदंत दयावंत चार भुजाधारी ।
मस्तक पे सिंदूर सोहे मूषक की सवारी ॥
हार चढे, फुल चढे और चढे मेवा ।
लडुअन का भोग लगे संत करे सेवा ॥
अंधन को आंख देत कोढिन को काया ।
बांझन को पुत्र देत निर्धन को माया॥
दासजन की लाज राखी शंभु पुत्रवारी ।
सबका मनोरथ पुर्ण करो जाऊं बलिहारी ॥

॥ आरती श्री गणपती ॥

सुखकर्ता दुःखहर्ता वार्ता विघ्नाची ॥ नुरवी पुरवी प्रेम कृपा जयाची ।
सर्वांगी सुंदर उटि शेंदुराची ॥ कंठी झळके माळ मुक्ता फळाची ।
जय देव जय देव जय मंगलमुर्ती । दर्शन मात्रे मन कामना पुरती ॥ जय ॥ धृ ॥
रत्नखचित फरा तुजगौरी कुमरा । चंदनाची उटी कुंकुमकेशरा ।
हिरेजडित मुकुट शोभतो बरा । रुणझुणती नुपुरे चरणी घागरीया ॥ जय ॥
लंबोदर पितांबर फणिवर बंधना । सरळ सोंड वक्रतुंड त्रिनयना ।
दास रामाचा वाट पाहे सदना । संकटी पावावे निर्वाणी रक्षावे सुरवरवंदना ॥ जय ॥

श्री. सत्यनारायणजी की आरती

ॐ जय लक्ष्मीरमणा, स्वामी जय लक्ष्मीरमणा,
सत्यनारायण स्वामी जन पातक हरणा ॥ जय ॥ टेक
रत्नजडित सिंहासन, अद्भूत छविराजे ।
नारद करत निरांजन, घंटाध्वनी बाजे ॥ जय ॥
प्रगट भये कलिकारण, व्दिज को दर्श दियो ।
बूढा ब्रह्मण बनके, कंचन महल कियो ॥ जय ॥
दुर्बल भील कठोर, जिन पर कृपा करी ।
चन्द्रचूड एक राजा , जिनकी विपत्ति हरी ॥ जय ॥
वैश्य मनोरथ पायो, श्रध्दा तज दिनी ।
सो फल भोग्य प्रभुजी, फिर स्तुती किनी ॥ जय ॥
भाव भक्ती के कारण, छिन - छिन रुप धरयो ।
श्रध्दा धारण किनी, तिनका काज सरयो ॥ जया ॥
ग्वाल बाल संग राजा, बन मैं भक्ती करी ।
मनवांछित फल दिनो, दीन दयाल हरी ॥ जय ॥
चढत प्रसाद सवयो, कदली फल मेवा ।
धुप दीप तुलसी से, राजी सत्यदेवता ॥ जय ॥
श्री सत्यनारायणजी की आरती जो कोई नर गावे ।
कहत शिवानन्द स्वामी, सुख संपत्ती पावे ॥ जय ॥



आरती श्री लालसांई (झूलेलालकी) जी की

ॐ जय दूल्ह देवा स्वामी जय दूल्ह देवा
पूजा कन था । प्रेमी - सिदीक रखी सेवा ॥ ॐ जय ॥
तुहिन्जे दर ते कोई, सजण अचन सुवाली ।
दान वठनि सभु दिल सां, कोन दिठमु खाली ॥ ॐ जय ॥
अन्धिरनि खे दी अखिरीयूँ दुखीयन खे दारुँ।
मन जूं मुरांदू पाए, सेवक कन ठारुँ ॥ ॐ जय ॥
फल फूल मेवा सब्जयू , पोखत मंज पचन ।
तुहिं जे मयर मया सा, अन्न अपार थियनी ॥ ॐ जय ॥
ज्योती जगे जग में, लाल तुहंजी लाली ।
अमरलाल अचु अंसावटी, हे वस जा वाली ॥ ॐ जय ॥
जग जा जीव सभई, पाणी बन पियासी ।
जेठानन्द आनन्द कन्द, पूरन कर आसा ॥ ॐ जय ॥

मां दुर्गाजी की आरती



ॐ जय अम्बे गौरी । मैया जय मंगलमुर्ती । मैया जय आनन्दकरणी ॥
तुमको निशिदिन ध्यावत हरि ब्रह्म शिवजी । जय अम्बे ॥ टेक ॥
मांग सिन्दूर विराजत टीको मृग मदको ॥
उज्वल से दोऊ नैना, चन्द्रवदन नींको ॥ जय अम्बे॥
कनक समान कलेवर रक्ताम्बर राजे
रक्तपुष्प वन माला कण्ठन पर साजे ॥ जय अम्बे॥
केहरिवाहन राजत खड्ग खप्पर धारी ॥
सुरनरमुनिजन सेवत तिनके दुःखहारी ॥ जय अम्बे॥
कानन कुण्डल शोभित नासाग्रे मोती ।
कोटिक चंद्र दिवाकर राजत समज्योति ॥ जय अम्बे॥
शुंभनिशुंभ विडारे महिषासुरधाती ।
धूम्रविलोचन नैना निशिदिन मदमाती ॥ जय अम्बे॥
चण्ड-मुण्ड संहारे शोणित बीज हरे ।
मधु कैटभ दोऊ मारे सुर भय अभय करे ॥ जय अम्बे॥
मैया तुम ब्रह्माणी तुम रूद्राणी तुम कमला राणी ।
आगम-निगम बखानी तुम शिव पटराणी ॥ जय अम्बे॥
चौसठ योगिनि मंगल गावत नृत्य करत भैरु ।
बाजत ताल मृदंगा और बाजत डमरु ॥ जय अम्बे॥
भुजा चार अति शोभित खड्गखपरधारी।
मनवांच्छित फल पावत सेवत नर नारी ॥ जय अम्बे॥
कंचन थाल विराजत अगर कपूर बाती ।
श्रीमालाकेतुमें राजत कोटिरतन ज्योति ॥ जय अम्बे॥
या अम्बेजी की आरती जो कोई नर गावे ।
भनत शिवानन्द स्वामी सुख सम्पत्ति पावे ॥ जय अम्बे ॥

श्री विष्णुजी की आरती



ॐ जय जगदीश हरे स्वामी जय जगदीश हरे।
भक्त जनो के संकट क्षणमें दुर करे॥ ॐ॥
जो ध्यावे फल पावे दुख बिनसे मन का ।
सुख-सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तन का ॥ ॐ॥
मात-पिता तुम मेरे शरण गहूँ किसकी ।
तुम बिन और न दुजा आस करु किसकी ॥ ॐ॥
तुम पूरण परमात्मा तुम अन्तर्यामी ।
पारब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी ॥ ॐ॥
तुम करुणा के सागर तुम पालन कर्ता ।
मैं मूरख खल कामी कृपा करो भर्ता ॥ ॐ॥
तुम हो एक अगोचर सबके प्राणपति ।
किस विधि मिलू दयामय तुमको मै कुमति ॥ ॐ॥
दीन बन्धु दुःखहर्ता ठाकुर तुम मेरे ।
अपने हाथ उठाओ व्दार पडा तेरे ॥ ॐ॥
विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा ।
श्रध्दा भक्ती बढाओ सन्तन की सेवा ॥ ॐ॥
तन मन धन सब कुछ है तेरा ।
तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा ॥ ॐ॥
श्री पारब्रह्मजी की आरती जो कोई नर गावे ।
भणत शिवानन्द स्वामी वान्छित फल पावे ॥ ॐ॥



श्री शिवशंकरजी की आरती

जै शिव ओंकारा, हो शिव पार्वती प्यारा ।
हो शिव ऊपर जलधारा, ब्रह्मा विष्णु सदाशिव अर्धङ्गी धारा ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ टेक ॥

एकानन, चतुरानन, पञ्चानन राजे ।
हंसासन गरुड़ासन, वृषवाहन साजे ॥ (१) ॐ हर.

दोय भुज चारु चतुर्भुज, अष्टभुज से सोहे ।
तीनों रुप निरखता, त्रिभुवन जन मोहे ॥ (२) ॐ हर

अक्षमाला वनमाला, रुण्डमाला धारी ।
चन्दन मृंगमद चन्दा, भाले शुभकारी ॥ (३) ॐ हर

श्वेताम्बर पीताम्बर, वाघाम्बर अंगे ।
सनकादिक प्रभुतादिक, भूतादिक संगे ॥ (४) ॐ हर

कर मध्ये करमण्डल, चक्र त्रिशुल धर्ता ।
जगकर्ता जगहर्ता, जगपालनकर्ता ॥ (५) ॐ हर

काशी में विश्वनाथ विराजत, नन्दो ब्रह्मचारी ।
नित उठ भोग लगावत, पल पल दर्शन पावत, महिमा अति न्यारी ॥
ॐ हर

ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, जानत अविवेका ।
प्रणव (ॐ) अक्षर मध्ये ये तीनों एका ॥ (७) ॐ हर

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती ।
श्रीमाला केतु विराजत, कोटि रतन ज्योति ॥ (८) ॐ हर

चौसठ योगिनपी मंगल गावात, नृत्य करत भैरुँ ।
बम बाजत ताल मृदंगा, और बाजत डमरु ॥ (९) ॐ हर

त्रिगुण स्वामी की आरती जो कोई जन गावे ।
भणत शिवानन्द स्वामी वांछित फल पावे ॥ (१०) ॐ हर

जय शिव ओंकारा, हो मन भज शिव ओंकार ।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, अर्धङ्गी धारा ॥ (११) ॐ हर हर हर महादेव



संकटमोचन हनुमानाष्टक

मत्तगयंन्द

बाल समय रबि भक्षि लियो तब तीनहुँ लोक भयो अँधियारो।
ताही सो त्रास भयो जग को यह संकट काहु सों जात न टारो ॥
देवन आनि करी बिनती तब छाँडि दियो रवि कष्ट निवारो ।
कों नहिं जानत है जगमें कपि संकटमोचन नाम तिहोरा ॥१॥
बालि की त्रास कपीस बसै गिरि जात महाप्रभु पंथ निहारो ।
चौंकि महा मुनी साप दियो तव चाहीए कौन बिचार बिचारो ॥
कै व्दिज रुप लिवाय महाप्रभु सो तुम दास कें सोक निवारो ।को–२।
अंगद के सँग लेन गये सिय खोज कपीस यह बैन उचारो ।
जीवत ना बचिहौ हम सो जु बिना सुधि लाए इहाँ पगु धारो ॥
हेरि थके तट सिंधु सबै तब लाय सिया–सुधि प्रान उबारो ।को–३।
रावन त्रास दई सियको सब राक्षसि सों कहि सोक निवारो ।
ताहि समय हनुमान महाप्रभु जाय महा रजनीचर मारो ॥
चाहत सीय असोक सों आगि सु दै प्रभु मुद्रिका सोक निवारो ।को–४।
बान लग्यो उर लछिमन के तब प्रान तजे सुत रावन मारो ।
लै गृह बैद्य सुषेन समेत तबै गिरी द्रोन सु बीर उपारो ॥
आनि संजिवन हाथ दई तब लछिमन के तुम प्रान उबारो ।को–५।
रावन जुध्द अजान कियो तब नाग कि फाँस सबै सिर डारो ।
श्री रघुनाथ समेत सबै दल मोह भयो यह संकट भारो ॥
आनि खगेस तबै हनुमान जु बंधन काटि सुत्रास नियारो ।को–६ ।
बंधु समेत जबै अहिरावन लै रघुनाथ पाताल सुधारो ।
देबिहिं पूजि भली बिधि सों बलि देउ सबै मिलि मंत्र बिचारो ॥
जाय सहाय भयो तब ही अहिरावन सैन्य समेत सँहारो ।को–७।
काज किये बड देवन के तुम बीर महाप्रभु देखि बिचारो ।
कौन सो संकट मोर गरीब को जो तुमसों नहिं जात है टारो ॥
दोहा–लाल देह लाली लसे, अरु धरी लाल लँगूर ।
बज्र देह दानव दलन, जय जय जय कपिसूर ॥
॥ इती संकट मोचन हनुमानाष्टक सम्पूर्ण ॥

In Sweeet and Loving Memory of

Late father Topandas Tilumal Pridanani

and

Late mother Devi Topandas Pridanani

Kishan T. Pridanani (Son), Japan

Govind T. Pridanani (Son), Japan

Ram T. Pridanani (Son), Puna

Arjun T. Pridanani (Son), Puna

and Pridanani Family, Puna